PRINT

# पंजाब केसरी (Punjab Kesri)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 347211 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 13.7..2026 | पृष्ठ सं. (Page No.) 05 | क्रम सं. (Serial No.) 01 |

## अमरनाथ यात्रा का सीआईएसएफ के महानिदेशक ने लिया जायजा



नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित नुनवान बेस कैंप पहुंचकर चल रही श्री अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ सीआईएसएफ के अतिरिक्त महानिदेशक (उत्तर) सुधीर कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। महानिदेशक ने यात्रा मार्ग पर सुरक्षा तैनाती, प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था, संचार नेटवर्क, सीसीटीवी निगरानी, मेडिकल सहायता, त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी), क्विक एक्शन टीम (क्यूएटी), चेक पोस्ट, कंट्रोल रूम तथा अन्य सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न केंद्रीय सुरक्षा बलों, जम्मू-कश्मीर पुलिस, नागरिक प्रशासन और अन्य एजेंसियों के बीच समन्वय की भी समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान आतंकवाद विरोधी सुरक्षा उपायों, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, भीड़ प्रबंधन, यात्रा मार्ग की सुरक्षा और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया।